## एक नजर में

### विशेष अभियान के तहत की यातायात विभाग ने चालानी कार्रवाई

**नीमच.** पुलिस मुख्याषलय द्वारा संचालित विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय अंकित जायसवाल , अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर यातायात टीम ब संपूर्ण जिले में दिनांक 26.11.25 से 10.12.25 तक बिना हेलमेट, बिना बीमा,तेजगति वाहन,बिना नंबर प्लेट वाहनो के विरूद्ध कार्रवाई की गई । विशेष अभियान के दौरान बिना हेलमेट 376 चालान, बिना बीमा 05 चालान, तेजगति वाहनो के 35 चालान, बिना नम्बर प्?लेट वाहनो के 248 चालान कुल 670 चालान बनाये जाकर 293400 रूपये समन शुल्क् वसूला गया । रोड पर फोर व्हीलर और टू व्हीलर गाड़ियां खड़ी कर यातायात बाधित किया तो यातायात पुलिस लॉक कर देगी पहिए- आज दिनांक को टैगोर मार्ग पर नो पार्किंग में खडे किये गये वाहनो में व्हील लॉक लगाये जाकर वैधानिक चालानी कार्यवाही की गई । ट्रैफिक पुलिस के अनुसार अक्सर लोग बाजारों और व्यस्त सड़कों पर थोड़ी देर के लिए रुकने के बहाने अपने वाहन नो पार्किंग एरिया और रोड पर पार्क कर देते हैं और लंबे समय के लिए चले जाते हैं इस मनमानी पार्किंग के कारण सड़क का एक हिस्सा सड़क का एक हिस्सा अवरुद्ध हो जाता है जिससे राहगीर अन्य वाहन चालकों को काफी सुविधा होती है और यातायात बाधित होता है। इस कार्रवाई का उद्देश्य लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने और सड़क पर अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है ताकि शहर के मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या को कम किया जा सके यह अभियान शहर की सभी मुख्य व्यस्त सड़कों पर लगातार जारी रहेगा शहर के विभिन्न मार्ग में ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्हील लॉक की कार्यवाही की जाएगी। अपील- यातायात पुलिस आमजन से अपील करती है कि अपने वाहन नौ पार्किंग में खडा नही करे, वाहन पार्किंग में ही खडा करे ।

### नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

**नीमच !** गोमाबाई नेत्रालय नीमच द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन दिनांक 14.12.2025 रविवार को गोमाबाई नेत्रालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नेत्र रोगियों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया जाकर विभिन्न प्रकार के ऑपरेशनो के उपचार हेतु सलाह दी जावेगी एवं मोतियाबिंद रोग से ग्रसित नेत्र रोगियों के ऑपरेशन (लैंस प्रत्यारोपण सहित) गोमाबाई नेत्रालय में निर्धारित दिनांक को नि:शुल्क किए जाएंगे । साथ ही शिविर के दौरान आने वाले नेत्र रोगियों को आवश्यकतानुसार दवाइयां व पास की नजर के चश्मे भी नेत्रालय द्वारा नि:शुल्क दिए जाएंगे । सभी नेत्र रोगियों से अनुरोध है कि वह अपने साथ अपना आधार कार्ड व मोबाइल नंबर अवश्य लेकर आवे। अत: क्षेत्र की जनता से अनुरोध है अधिक से अधिक संख्या में अपनी आंखों की नि:शुल्क जांच करवा कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

### वर्ष की अंतिम लोक अदालत में बिछड़े हुए पति-पत्नी का हुआ मिलन



मन्दसौर। रेहाना (बदला हुआ नाम) का निकाह रहीम( बदला हुआ नाम) निवासी जीरापुर से वर्ष 2023 में हुआ। दोनों के बीच वैवाहिक जीवन के दौरान मनमुटाव हुआ। मनमुटाव इतना बड़ा गया कि रेहाना और रहीम अलग-अलग रहने लगे। परिवार के द्वारा समझौते-समझाईश की कौशीश की गई, लेकिन रेहान ने एक ही शर्त रखी कि मुझे सिर्फ रहीम ही लेने आएगा तो ही मैं उसके साथ जाऊंगी। रहीम भी अड़ गया कि मैं रेहाना को लेने नहीं जाउंगा, उसको आना हो तो आ जाये। विवाद बढ़ने पर रेहाना की ओर से एक परिवाद फैमिली कोर्ट मंदसौर में श्री ए आर मंसूरी, ए. के. मंसूरी द्वारा प्रस्तुत की गई। मामला जब लोक अदालत के समक्ष आया तो, पीठासीन अधिकारी-प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय महोदय प्रिया शर्मा, पक्षकारगण के अधिकरवक्तागण मंसूरी और हरी सिंग एवं प्रवीण जैन ने मिलकर आपस में समझाया रहीम अदालत से सीधे नीलोफर को लेने के लिए घर गया ओ नीलोफर भी आमीन के साथ अपने ससुराल जाने को तैयार हुई। इस प्रकार न्यायालय में आकर आपसी राजीनामा लोक अदालत में किया गया दोनों पति-पत्नी को माला पहनकर मिठाई खिलाई गई और राजी खुशी अदालत से अपने घर गए।

### गरोठ में 14 दिसंबर को विशाल नि :शुल्क नेत्र एवं रक्तदान शिविर

**गरोठ।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में स्वर्गीय श्रीमती गीता बाई सोनी (पत्नी स्व. किशनलाल सोनी) की स्मृति में रविवार 14 दिसंबर 2025 को शासकीय चिकित्सालय गरोठ में विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर का आयोजन मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, मक्सी के सहयोग से किया जा रहा है। भारत विकास परिषद के साथ ही किशनलाल सोनी, सत्यनारायण सोनी, बद्रीलाल सोनी, गौरव सोनी, निलेश सोनी, एसबी ज्वैलर्स एवं गौरव ज्वैलर्स द्वारा अधिक से अधिक नागरिकों से शिविर में सहभागिता करने की अपील की गई है। उक्त जानकारी समाजसेवी संजय सोनी, कृषि उपज मंडी ने दी।

### मंदसौर के भक्त ने सांवरियाजी को चढ़ाया चांदी का खेत



**मंदसौर।** मंदसौर जिले के ग्राम जवासिया निवासी नागेश्वर शर्मा के सुपुत्र उमेश शर्मा एवं प्रदीप शर्मा द्वारा मंडफिया स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में चांदी का खेत चढ़ाया हैं द्य चांदी के खेत में कुआ और घर भी बना हुआ हैं। प्रदीप शर्मा के अनुसार सांवरियाजी की कृपा सदैव बनी हुई हैं, सांवरियाजी के मंदिर में कुछ चढ़ावे की मन में इच्छा थी। बड़े भाई उमेश शर्मा से चर्चा की, हमारा पूरा परिवार खेती-किसानी और प्रॉपर्टी का काम करता हैं। इसलिये हमने भगवान श्री सांवरिया सेठजी को चांदी का खेत चढ़ाया हैं।

# टायर का पंचर निकालते समय भिड़ें तीन वाहन, दंपत्ति सहित तीन की मौत

**नीमच। निंबाहेड़ा नगर के कोतवाली थाना इलाके में एक गंभीर हादसा सामने आया है जिसमें तीन वाहनों के आपस में टकराने से दम्पत्ति सहित तीन की मौत हो गई। वही एक अधेड़ घायल हो गया जिसका उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में वसुंधरा मल्टी के पास एक पिकअप चालक और उसका सहचालक वाहन का टायर बदल रहे थे इसी दौरान पीछे से आ रही एक ओमनी वैन अनियंत्रित होकर टकरा गई। इसी के साथ एक थार कार भी इन वाहनों से टकरा गई। मौके पर हादसे के होने के बाद हड़कंप मच गया और घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया गया।**





जहां मारुति वैन में सवार चालक लखन पुत्र सुरेश चंद्र निवासी सरवानिया महाराज मध्य प्रदेश और उसकी पत्नी सरिता को जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वही एक अन्य बसंतीलाल पुत्र भैरूलाल निवासी मंदसौर मध्य प्रदेश की भी दुर्घटना में मृत्यु होने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक रूप से जानकारी में सामने आया कि बसंतीलाल पिकअप वाहन का ड्राइवर था वही उसका सहचालक घायल हो गया जिसकी पहचान हस्तीमल पामेचा के रूप में हुई है और उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। मृतकों के शव चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंचा है। मृतकों के परिजनों के पहुचने के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सोंप दिए जाएंगे । फिलहाल दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवा कर मार्ग से सुचारू करवाया गया है।

## इनरव्हील डायमंड द्वारा दो महत्वपूर्ण विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया

**नीमच। इनरव्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा समाज में स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु फस्ट स्टेप स्कूल, नीमच में विद्यार्थियों के लिए दो महत्वपूर्ण जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पीरियड्स (मासिक धर्म) जागरूकता सत्र में डॉ. इशिता जोशी ने विद्यालय की बालिकाओं को मासिक धर्म से संबंधित आवश्यक जानकारी, स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियाँ एवं भ्रांतियों को दूर करने हेतु विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ इस विषय को समझने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।**

साथ ही नशा मुक्ति जागरूकता सत्र में डॉ. कृष्ण कुमार कारपेंटर ने विद्यार्थियों को नशे व ड्रग्स से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच एवं अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम मे क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग एडिटर शिवांगी जैन,पूजा खंडेलवाल, दिशा सैनी, दीपिका खंडेलवाल, प्रियंका नागदा, जयंती एनिया, डिंपल चांदना सहित क्लब की अनेक सदस्याओ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया ।विद्यालय के निर्देशक शाहिद दुर्रानी एवं प्रधानाध्यापक नसरीन दुर्रानी ने इनर व्हील डायमंड के इस जनहितकारी एवं सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।

## आध्यात्म के बिना आत्मिक शांति संभव नहीं:आचार्य आर्जव सागरजी महाराज

**मन्दसौर।** भौतिक सुख साधन केवल ब्राह्य क्षणिक सुख प्रदान कर सकते है, लेकिन आत्मिक सुख शांति जो आत्मा का वास्तविक सुख है वो आध्यात्मक के बिना संभव नहीं, प्रत्येक श्रावक को प्रतिदिन देवदर्शन, अभिषेक, पूजन, साधु संतों के आहार, स्वाध्याय एवं धार्मिक क्रियाओं में मन को लगाना चाहिये, क्योंकि मन बड़ा चंचल होता है, मन को ध्यान योग से लगाकर सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान व सम्यक चारित्र के द्वारा ही आत्मिक शांति प्राप्त हो सकती है। आचार्य श्री ने बताया कि तीर्थंकरों के पास अंसख्यात सांसारिक वैभव होते हुए भी उन्होने सब कुछ त्यागकर आत्मीक शांति से ध्यानस्थ होकर मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया। उक्त विचार श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन समवशरण मंदिर तार बंगला मंदिरजी में विराजीत



आचार्य श्री को श्रीफल भेंटकर डॉ. मनसुखलाल गांधी, नंदकिशोर अग्रवाल, डॉ. एस.एम. जैन, शांतिलाल बड़जात्या, अरविन्द मेहता, जयकुमार बड़जात्या, विजेन्द्रकुमार सेठी, अनिल जैन, प्रदीप चौधरी, हंसमुखलाल रंगीला ने आशीर्वाद प्राप्त किया। णमोकार महामंत्र साधना केन्द्र बही पार्श्वनाथ के अध्यक्ष शांतिलाल बड़जात्या ने आचार्यसंघ के मंगल सानिध्य में पोष दशमी को भगवान पार्श्वनाथजी के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पर आयोजित दिनांक 14 व 15 दिसम्बर के समस्त कार्यक्रमों में सकल दिगम्बर जैन समाज को अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ लेने हेतु निवेदन किया गया।

आचार्य श्री ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए अपने प्रवचन में कहे। धर्मसभा के प्रारंभ में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन पं. विजयकुमार गांधी, वकील नरेन्द्र कुमार गांधी, एवं सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अजय कुमार बाकलीवाल द्वारा किया गया, मंगलाचरण अभय कुमार अजमेरा द्वारा एवं गुरू वंदना सुश्री ईशानी शाह द्वारा प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर प्रो. डॉ. राजकुमार बाकलीवाल ने बताया कि आचार्य विद्यासागरजी के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य संघ का मंदसौर नगर के महान पुण्योदय से प्रथम बार आगमन हुआ है, सम्पूर्ण भारत में आचार्य श्री आर्जव सागरजी महाराज द्वारा धर्म की विशेष प्रभावना की गई, आपके द्वारा 35 से अधिक धर्मशास्त्र एवं पत्रिकाएं प्रकाशित की गई .

## राज्य स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का शुभारंभ

**मंदसौर। राज्य स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का शुभारंभ मध्य प्रदेश जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एस.एस. कोल्हे द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जूनियर रेड क्रॉस बच्चों में सेवा, अनुशासन, मानवता और सद्भावना की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर गुना जिले के कलेक्टर महोदय ने शिविर में उपस्थित बच्चों को जीवन कौशल, सामाजिक दायित्व, आपदा प्रबंधन एवं मानवीय सेवा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।**



उन्होंने बच्चों को समाज के प्रति संवेदनशील बनने और सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। पूरे शिविर का समन्वय स्टेट जनरल सेकेट्री रामेंद्र सिंह जी बहुत ही सुंदर ढंग से कर रहे। शिविर का आयोजन में मन्दसौर जिले से दल प्रभारी एन.डी. वैष्णव, काउंसलर राजेश कुमार पांडिया, काउंसलर मोहम्मद उमर शेख एवं गाइड काउंसलर सलमा शाह के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में किया जा रहा है। शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जूनियर रेड क्रॉस के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

जिला मंदसौर जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी का दल भी इस राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता कर रहा है, जिसमें मनीष, रोशन, दीपक, अंकित, पवन, शौकीन, करण, बंटी, गौरव, हिमेश, रक्षा, वर्षा, भूमि, तुलसी, सोनम सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल हैं। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण सत्रों एवं सद्भावना गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

## जैविक हाट मेले का आयोजन, लोगों में दिखा उत्साह

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में जैविक खेती और शुद्ध खाद्य सामग्री को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, नगरपालिका और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साप्ताहिक जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिला मुख्यालय नीमच के दशहरा मैदान (टाउनहॉल) के समीप दूसरी बार साप्ताहिक जैविक हाट का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रात: 10.30 बजे हुआ ।जैविक हाट में किसानों और उपभोक्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। उप संचालक कृषि पी.सी. पटेल ने बताया कि हाट में जैविक विधि से उत्पादित सब्जियां, फल, अनाज, दालें, मसाले सहित विभिन्न प्रकार के रसायन मुक्त खाद्य उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए। शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिलने से नागरिकों में खासा उत्साह नजर आया ।उन्होंने बताया



कि जैविक हाट का मुख्य उद्देश्य लोगों को जैविक उत्पादों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर किसान सखियों की भी सक्रिय सहभागिता रही, जिन्होंने जैविक खेती के लाभ, जैविक उत्पादों की पहचान और उनके उपयोग के बारे में जानकारी देकर उपभोक्ताओं को प्रेरित किया ।जैविक हाट से किसानों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है, जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। वहीं उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर ताजे, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण जैविक उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा इस पहल को लगातार जारी रखने की योजना है, जिससे भविष्य में जैविक उत्पादों का दायरा और अधिक बढ़ाया जा सके और आमजन को स्वस्थ एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

**एक नजर** शिक्षा, संस्कार और सृजन का संगम देखने को मिला, अतिथियों, अभिभावकों ने सराहा

## शिक्षा से संस्कार तक , द शिशुवन वर्ल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव 'प्रतिबिम्ब' ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

**मंदसौर। नगर के प्रतिष्ठित शिशुवन वर्ल्ड स्कूल, मन्दसौर में 7 एवं 8 दिसम्बर को वार्षिक उत्सव प्रतिबिम्ब - शिक्षा, संस्कार और सृजन का संगम अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस भव्य समारोह में शिशुवन द प्ले स्कूल और दी शिशुवन वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, नाट्य एवं सृजनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।**



7 दिसम्बर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री सुधीर जी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता सिसौदिया उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अनुशासन एवं विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण की सराहना की।

समारोह के दूसरे चरण में 8 दिसम्बर को भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय राजेश दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। साथ ही मन्दसौर कलेक्टर महोदया सुश्री अदिति गर्ग ने अपनी विशिष्ट उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विविध कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार ने सभी अतिथियों का हृदय से स्वागत किया तथा एवं अपने स्वागत उद्बोधन में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को कार्यक्रम की सफलता में योगदान एवं विश्वास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। सुराना परिवार के स्तंभ राजेन्द्र सुराना विद्यालय प्रबंधन में चेयरमेन विजय सुराणा, सहित संपूर्ण सुराणा परिवार ने कार्यक्रम की सफलता पर अपार हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, मेहनत और समर्पण की सराहना की एवं सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और अभिभावकों को निरंतर सहयोग एवं विश्वास के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर अर्जुन सिंह राठौर एवं शिक्षिका रीतिका जसवानी, हर्षिता पोरवाल तथा विद्यालय के कक्षा 1 से 12 वी तक के विद्यार्थियों ने किया। प्रतिबिम्ब के माध्यम से विद्यालय ने शिक्षा, संस्कार और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का ऐसा उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित सभी जनों को गहराई से प्रभावित किया।

संस्कृति, परम्परा, आधुनिकता, संस्कार सबकुछ दिखा प्रस्तुतियों में साथ ही नैशनल प्लेयर स्टेट प्लेयर बोर्ड टोपर और 100% उपस्थिति. विगत एक माह से स्कूल के विद्यार्थी वार्षिकोत्सव प्रतिबिम्ब 2025 की तैयारी कर रहे थे। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वी तक के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। जिसमें भारतीय संस्कृति, परम्परा, नया भारत, आधुनिकता, संस्कार सबकुछ देखने को मिला। कुछ प्रस्तुतियां ऐसी रही कि सामने देखने वाले अपने आंसूओं को नहीं रोक पायें। इन प्रस्तुतियों में स्कूल स्टॉफ महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम का समापन अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के सहभोज के साथ संपन्न हुआ।